**NEWS CLIPPING:09.03.2023**

# AAJ SAMAJ

दौरा

कश्मीर अध्ययन के लिए जे सी बोस विवि के मीडिया के विद्यार्थी हुए रवाना

## आर्टिकल 370 हटने के बाद की स्थिति पर करेंगे शोध

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विद्यार्थी कश्मीर व संविधान में उससे जुड़े आर्टिकल 370 की जानकारी प्राप्त करने के लिए कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मीडिया विभागाध्यक्ष डा. पवन सिंह मलिक ने विद्यार्थियों और उनके साथ जाने वाले प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह को यात्रा की शुभकामनाएं दी।

कश्मीर यात्रा पर जाने से पहले कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस प्रकार की सावधानी



रवाना होने वाली टीम के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर। आज समाज

बरतनी है। किस तरह से अपने शोध कार्य को पूरा करना है। संवेदनशील स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है। चयनित टीम के सदस्यों ने इससे पहले इंडियन मीडिया सेंटर द्वारा पंचकुला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था।

जहां इन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। कार्यशाला में कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयां, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू - कश्मीर के भविष्य के बारे में विशेषयज्ञों द्वारा चर्चा की गई। जिससे विद्यार्थियों को कश्मीर के नये, पुराने व अन्य मुद्दों के बारे में भी जानने को मिला। पंचकुला में विगत वर्ष दिसंबर में आयोजित कार्यशाला में हरियाणा के कई विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों से 70 के करीब विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का चयन कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए हुआ था।

**NEWS CLIPPING:09.03.2023**

# TEHELKA JAJBA

# आर्टिकल 370 हटने के बाद की स्थिति पर शोध करेंगे जेसीबोस विवि के छात्र

## कश्मीर अध्ययन के लिए छात्र हुए रवाना

**तहलका जज्बा / दीपा राणा**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विद्यार्थी कश्मीर व संविधान में उससे जुड़े आर्टिकल 370 की जानकारी प्राप्त करने के लिए कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मीडिया विभागाध्यक्ष डा. पवन सिंह मलिक ने विद्यार्थियों और उनके साथ जाने वाले प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह को यात्रा की शुभकामनायें दी। कश्मीर यात्रा पर जाने से पहले कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस प्रकार की सावधानी बरतनी है। किस




तरह से अपने शोध कार्य को पूरा करना है। संवेदनशील स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है। चयनित टीम के सदस्यों ने इससे पहले इंडियन मीडिया सेंटर द्वारा पंचकुला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था। जहां इन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। कार्यशाला में कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयां, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू - कश्मीर के भविष्य के बारे में विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। जिससे विद्यार्थियों को कश्मीर के नये, पुराने व अन्य मुद्दों के बारे में भी जानने को मिला। पंचकुला में विगत वर्ष दिसंबर में आयोजित कार्यशाला में हरियाणा के कई विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों से 70 के करीब विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से जे.सी.बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का चयन कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए हुआ था।

**NEWS CLIPPING:09.03.2023**

# PUNJAB KESARI

# कश्मीर अध्ययन के लिए जेसी बोस विवि के मीडिया के विद्यार्थी हुए रवाना

## ■ आर्टिकल 370 हटने के बाद की स्थिति पर करेंगे शोध, कुलपति ने दी शुभकामनाएं



*कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना होने वाली टीम के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर।* *(छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 9 मार्च (पूजा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विद्यार्थी कश्मीर व संविधान में उससे जुड़े आर्टिकल 370 की जानकारी प्राप्त करने के लिए कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मीडिया विभागाध्यक्ष डा. पवन सिंह मलिक ने विद्यार्थियों और उनके साथ जाने वाले प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह को यात्रा की शुभकामनायें दी।

कश्मीर यात्रा पर जाने से पहले कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस प्रकार की सावधानी बरतनी है। किस तरह से अपने शोध कार्य को पूरा करना है। संवेदनशील स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है। चयनित टीम के सदस्यों ने इससे पहले इंडियन मीडिया सेंटर द्वारा पंचकुला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था। जहां इन विद्यार्थियों का चयन हुआ था। कार्यशाला में कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयां, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू-कश्मीर के भविष्य के बारे में विशेषयज्ञों द्वारा चर्चा की गई। जिससे विद्यार्थियों को कश्मीर के नये, पुराने व अन्य मुद्दों के बारे में भी जानने को मिला। पंचकूला में विगत वर्ष दिसंबर में आयोजित कार्यशाला में हरियाणा के कई विश्वविद्यालय से 70 के करीब विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें से जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का चयन कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए हुआ था।

**NEWS CLIPPING:09.03.2023**

# HINDUSTAN

# कश्मीर और धारा-370 पर शोध करेंगे छात्र

**अध्ययन**

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्र कश्मीर व संविधान में उससे जुड़ी धारा-370 पर शोध करेंगे। इसकी जानकारी पाने के लिए छात्र कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए रवाना हुए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने छात्रों और उनके साथ जाने वाले प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह को यात्रा की शुभकामनाएं दी। यात्रा से पहले कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने छात्रों के साथ बैठक की और उन्हें बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस तरह की सावधानी बरतें। चयनित टीम के सदस्यों ने इससे पहले इंडियन मीडिया सेंटर की ओर से पंचकुला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था। जहां से इन छात्रों का चयन हुआ था। कार्यशाला के दौरान छात्रों को कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयां, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू - कश्मीर के भविष्य के बारे में बताया गया है। कुलपति ने बताया कि दिसंबर में हुई कार्यशाला के आधार पर संस्थान से छात्र हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का चयन यात्रा के लिए हुआ है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.03.2023**

# NAVBHARAT TIMES

# अध्ययन यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुए छात्र

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में संचार व मीडिया तकनीकी विभाग के छात्र अध्ययन यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुए। छात्र वहां पर कश्मीर व आर्टिकल 370 के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। यात्रा पर जाने से पहले छात्रों ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार के साथ मीटिंग की। उन्होंने छात्रों को बताया कि कश्मीर में अध्ययन के दौरान किस प्रकार की सावधानियों का ध्यान रखना है और किस तरह से शोध कार्य को पूरा करना है। छात्रों ने दिसंबर में इंडियन मीडिया सेंटर की तरफ से पंचकूला में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया था। जहां जेसी बोस यूनिवर्सिटी के छात्र हेमंत शर्मा, अरिहंत, कृष्णा कुमार व साहिल कौशिक का कश्मीर अध्ययन यात्रा के लिए चयन हुआ है। छात्रों के साथ प्रॉडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह भी जाएंगे।